काकोरी ट्रेन एक्शन डे की 100वीं वर्षगांठ (माता सबरी इकाई)

दिनांक 09 अगस्त 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में संचालित फार्मास्यूटिकल संकाय के राष्ट्रीय सेवा योजना की माता सबरी इकाई द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन डे की 100वीं वर्षगांठ पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फार्मसी संकाय के द्वितीय वर्ष के छात्र निलेश यादव, आशीष दुबे, विवेक मिश्रा ने काकोरी ट्रेन एक्शन डे के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 09 अगस्त 1925 को अशफाक उल्ला खां, राम प्रसाद बिस्मिल, और उनके साथी क्रांतिकारियों द्वारा ब्रिटिश सरकार के खिलाफ की गई काकोरी ट्रेन डकैती भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक निर्णायक पल था। यह घटना न केवल ब्रिटिश सरकार को चुनौती देने का प्रतीक बनी, बल्कि भारतीय युवाओं में स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा भी बनी।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में फार्मसी संकाय के छात्रों द्वारा वाद-विवाद एवं भाषण प्रस्तुत किया जिसमें शहीदों के बलिदान और देशभक्ति की भावना को चित्रित किया गया। इस कार्यक्रम के प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों के दिलों में गहरी छाप छोड़ी और उन्हें स्वतंत्रता संग्राम की कठिनाइयों और क्रांतिकारियों की वीरता से परिचित कराया। श्री गौरीश नारायण जी ने काकोरी कांड के ऐतिहासिक महत्व और उसकी प्रेरणा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा, "काकोरी कांड हमें यह सिखाता है कि अपने अधिकारों और स्वतंत्रता के लिए हमें किसी भी कठिनाई से पीछे नहीं हटना चाहिए। इस घटना से हमें यह भी सीखने को मिलता है कि देश के प्रति हमारी जिम्मेदारी क्या है और हम किस प्रकार उसमें अपना योगदान दे सकते हैं।"

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ हुआ, जिसमें सभी ने काकोरी कांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस आयोजन ने छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए एक प्रेरणादायक माहौल का निर्माण किया और उन्हें स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों को समझने और उन्हें अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिषेक कुमार सिंह द्वारा किया गया | कार्यक्रम को सफल बनाने में गौरीश नारायण सिंह, जुही तिवारी एवं प्रवीन कुमार सिंह आदि शिक्षकगणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही | कार्यक्रम में मंजीत यादव, निखिल प्रकाश पांडे और रुद्रांश प्रताप ने स्वयंसेवक के रूप में भाग लिया।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर
राष्ट्रीय सेवा योजना
माता सबरी इकाई
काकोरी ट्रेन एक्शन डे
100 वीं वर्षगांठ
तिथि : 09 अगस्त, 2024
समय : 03:30PM–04:30PM
E-mail : mgunivesitygkp@gmail.com
Website : w

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर
राष्ट्रीय सेवा योजना
माता सबरी इकाई
काकोरी ट्रेन एक्शन डे
100 वीं वर्षगांठ
तिथि : 09 अगस्त, 2024,
समय : 03:30PM-04:30PM
KAKORI

GPS Map Camera
Jangl Bahadur Ali, Uttar Pradesh, India
R9J4+HH, Jangl Bahadur Ali, Uttar Pradesh 273007, India
Lat 26.831562°
Long 83.356608°
09/08/24 03:43 PM GMT +05:30
Google